RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 29.5.2019
Page No. 7, Size:(8.04)cms X (11.77)cms.

मेट्रो से जोड़ा जाएगा जेवर एयरपोर्ट को, डीपीआर तैयार

ग्रेटर नोएडा (एसएनबी)। जेवर के पास बनने वाले इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मेट्रो से जोड़ा जाएगा। मेट्रो के लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार हो गई है। इस प्रस्ताव को यमुना प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में पास कराकर शासन को भेज दिया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट मेट्रो को एक्वा लाइन मेट्रो के नॉलेज पार्क-टू स्टेशन से जोड़ा जाएगा। डीपीआर के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट एक्वा लाइन के नॉलेज पार्क-टू स्टेशन से जुड़ेगी। यहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो की कुल लंबाई 35.64 किलो मीटर होगी। इसमें 32.27 किलो मीटर एलिवेटेट और 3.37 किलो मीटर भूमिगत होगी। नॉलेज पार्क-टू से नंगला हुकुम सिंह गांव तक एलिवेटेड और वहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक भूमिगत होगी। इस महत्वपूर्ण रूट पर 25 स्टेशन होंगे। इस पर लगभग छह हजार करोड़ का खर्च आएगा। जेवर एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। रैपिड रेल से भी जेवर एयरपोर्ट जुड़ेगा। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली मेरठ रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेशन से जेवर की लाइन को जोड़ा जाएगा। इसकी फिजबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए राइट्स एजेंसी को काम दिया गया है। जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एनसीआर के शहरों से जोड़ने के लिए कई विकल्पों पर काम शुरू हो गया है।